फर्द अहकाम

(नियम–26)

अज अदालत अतिरिक्त कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

लादुलाल पिता हरकलाल आंचलिया जैन निवासी भूपालसागर वगैरा

बनाम

मिठ्ठूलाल पिता हरकलाल आंचलिया जैन निवासी भूपालसागर वगैरा

प्रकरण संख्या 30/2021 (नि.पं.)

तारीख हुक्म	*हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज*	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
19.03.25	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता निगराकारगण आज भी बावजूद सूचना अनुपस्थित। अधिवक्ता विपक्षी संख्या 1 उपस्थित। रुक–रुक कर तीन चार बार आवाजें लगवाई गई फिर भी निगराकारगण तथा उनके अधिवक्ता में से कोई उपस्थित नहीं। अधिवक्ता निगराकारगण प्रकरण में दिनांक 23.01.2025 से अनुपस्थित चल रहे हैं। अधिवक्ता निगराकारगण को पेशी दिनांक 23.01.2025 पर अनुपस्थित रहने पर न्यायहित में अवसर देते हुए निर्देशित किया गया था कि आगामी पेशी पर अनुपस्थित रहने पर कोई अवसर देय नहीं होगा फिर भी निगराकारगण तथा उनके अधिवक्ता आज भी उपस्थित नहीं हुए हैं अर्थात् वे अपने प्रकरण के प्रति गम्भीर नहीं है। पुनः न्यायालय समय में रुक–रुक कर आवाजें लगवाई गई फिर भी निगराकारगण तथा उनके अधिवक्ता में से कोई भी उपस्थित नहीं। अतः प्रकरण अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति पालनार्थ संबंधित को मय उनके द्वारा प्रेषित अभिलेख के प्रेषित की जावे।	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official